भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUD



उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797398

9005974037

न्यास-पत्र

हम कि घनश्याम मिश्र पुत्र स्व0 सन्त शरण मिश्र निवासी ग्राम-रावतडाड़ी, पोस्ट-बसियाखोर, तहसील-खजनी, जिला-गोरखपुर वर्तमान पता मोहल्ला-आजाद नगर(रूस्तमपुर), पोस्ट-शिवपुरी न्यू कालोनी, तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर का हूँ। हम मुकिर समाज के आर्थिक-सामाजिक एवं शैक्षिक विकास हेतु निरन्तर कार्य करता रहता हूँ तथा हम मुकिर के मन मस्तिष्क मे अपने व्यक्तिगत कार्यो के साथ -साथ राष्ट्र एवं समाज हित का चिन्तन बना रहता है। हम मुकिर की हार्दिक इच्छा है कि समाज के सुख-शान्ति , आपसी सद्भाव सदाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आदर्श नागरिक गुणो की स्थापना हो। समाज के साधनहीन व्यक्तियो को जीवन की मूल-भूत आवश्यकताए, भोजन, शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य व आवास की व्यवस्था हो तथा शिक्षित बेरोजगारो को उनके योग्यता के अनुरूप तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान-प्रदान कर उन्हे रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाय। समाज के सामुदायिक विकास मे परस्पर भाई-चारा, साम्प्रदायिक ताल-मेल बनाये रखनें एवं समाज को शिक्षित करने मे लिंग भेद, जाति-पाँति , धर्म और सम्प्रदाय , कही भी बाधक न हो। मेधावी व प्रतिभासम्पन्न छात्रो को अपने देश मे अथवा देश के बाहर उच्च शिक्षा हेतु सहायता उपलब्ध कराया जाय। जनहित के उक्त कार्यो को संचालित करने तथा उससे लोगो को अधिकाधिक लाभ प्रदान करने के लिये विभिन्न-विधाओ मे समाज को शिक्षित किये जाने की आवश्यकता को देखते हुए विभिन्न सस्थाओ एवं समितियो का गठन किया जाना आवश्यक पाकर इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए हम मुकिर द्वारा एक कल्याणकारी न्यास/ट्रस्ट की स्थापना की जा रही है। हम मुकिर द्वारा अपने उक्त हार्दिक इच्छा की पूर्ति के लिए तथा इस हेतु आवश्यक संसाधनो की व्यवस्था के बाबत 10,000/-(दस हजार) रूपये का एक न्यास कोष स्थापित किया गया है और आगे भी

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रूपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797399



इस न्याय कोष मे विभिन्न उपायो से धन व चल-अचल सम्पत्ति की मै व्यवस्था करता रहूँगा । हम मुकिर अपने द्वारा स्थापित उक्त न्यास की प्रबन्ध व्यवस्था एवं प्रशासन के बाबत एक न्यास पत्र को भी निष्पादित कर रहा हूँ, जिसकी व्यवस्था निम्न रूपेण की जायेगी।

1-यह कि हम मुकिर द्वारा स्थापित न्याय का नाम **'सन्त शरण शिक्षा सेवा न्यास'** होगा जिसे इस न्यास पत्र मे आगे **"न्यास "** अथवा **'ट्रस्ट'** शब्द से सम्बोधित किया गया है।

2-यह कि हम मुकिर द्वारा स्थापित उक्त ट्रस्ट का कार्यालय **मोहल्ला -आजाद नगर (रूस्तमपुर),पोस्ट-शिवपुर न्यू कालोनी ,तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर** होगा । उक्त ट्रस्ट के कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित करने तथा इसके उद्देश्यो की सुगम प्राप्ति के बाबत इसके अन्य कार्यालयो को भी स्थापना की जायेगी और उनके कार्यालयो के पते पर ट्रस्ट मजकूर द्वारा गठित की जाने वाली संस्थाओ व समितियों का पंजीकरण सुसंगत अधिनियमो के अन्तर्गत कराया जा सकेगा। ट्रस्ट का कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर भारत के बाहर भी विधिपूर्ण कार्यो का संचालन किया जा सकेगा।

3-यह कि हम मुकिर ट्रस्ट मजकूर के संस्थापक व मुख्य ट्रस्टी होगे तथा ट्रस्ट के प्रधान प्रबन्धक भी कहे जायेंगे हमारे द्वारा ट्रस्ट के संचालन व व्यवस्था के लिये निम्नलिखित व्यक्तियो जो ट्रस्ट के उद्देश्यो के अनुसार ट्रस्ट के हित में ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप मे कार्य करने को सहमत है, को ट्रस्ट का ट्रस्टी नामित करता हूँ। भविष्य मे हम मुकिर द्वारा ट्रस्ट के उद्देश्यो की सुगम प्राप्ति हेतु अन्य ट्रस्टियो की भी नियुक्ति की जा सकेगी। हम मुकिर द्वारा नामित ट्रस्टियों तथा मुख्य ट्रस्टी को संयुक्त रूप से न्याय मण्डल/ ट्रस्ट मण्डल कहा जायेगा।

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797400



ट्रस्ट की स्थापना के समय हम मुकिर द्वारा ट्रस्टी के रूप में नामित व्यक्तियो का बिवरण निम्नलिखित है :–

1 श्रीमती कुसुम मिश्रा पत्नी श्री घनश्याम मिश्र निवासी ग्राम–रावतडाड़ी, पोस्ट बसियाखोर, तहसील–खजनी , जिला–गोरखपुर ।

2 श्री अवध नारायण दूबे पुत्र श्री रामजी दूबे निवासी ग्राम–नौवा डुमरी, पो0नौवा अव्वल, जिला–गोरखपुर ।

3 श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री अवध नारायण निवासी ग्राम–अईमा ,पोस्ट कड़जही,जिला–गोरखपुर ।

4– श्री संजय पाण्डेय पुत्र स्व0 गरूण पाण्डेय निवासी ग्राम व पो0 बड़गहन जिला–गोरखपुर ।

5– श्री जयेन्द्र मणि त्रिपाठी पुत्र श्री त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी निवासी ग्राम–हथियापरास, पो0–मिर्जापुर, जिला–गोरखपुर ।

6– श्री श्रीनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 रमाशंकर पाण्डेय निवासी एच0आई0जी0 –12 सिद्धार्थ इन्क्लेव , तारामण्डल रोड, गोरखपुर।

4– यह कि हम मुकिर द्वारा **"सन्त शरण शिक्षा सेवा न्यास "** के नाम से जिस ट्रस्ट की स्थापना की जा रही है उसके स्थापना का मुख्य उद्देश्यनिम्नलिखित है :–

1– समाज के आर्थिक सामाजिक , सास्कृतिक शैक्षिक विकास हेतु संस्थाओ की स्थापना एवं संचालन हेतु कार्य करना ।

2 शिक्षा एवं जीवनोपयोगी ज्ञान का प्रचार–प्रसार करना और आम जनता मे चेतना जागृत कर उन्हे शिक्षित एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देकर निर्भर बनाना तथा प्रतिमा सम्पन्न मेधावी छात्रो को देश–विदेश मे उच्च शिक्षा उलब्ध कराने हेतु आवश्यक सहयोग करना ।

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797401



3- नव-युवक,नव-युवतियो व छात्र-छात्राओ को रचनात्मक दिशा देना एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिये नर्सरी, प्राथमिक,जूनियर हाई स्कूल, हाई स्कूल,इण्टरमीडिएट व स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के विद्यालयो एवं महाविद्यालयो की स्थापना करना एवं उनका संचालन करना ।

4 शिक्षा प्रचार-प्रसार, उन्नयन तथा देश के किसी क्षेत्र मे सामान्य शिक्षा, तकनीकी, गैर तकनीकी शिक्षा, विधि शिक्षा,शिक्षा-प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय स्थापित करना तथा समाज/स्थानीय आवश्यकताओ को देखते हुये डिग्री एवं पी0जी0कालेज की स्थापना करना तथा आमदनी के श्रोत हेतु विद्यालय कम्पाउण्ड मे दुकान व आवास का निर्माणकरना ।

5- वर्तमान समय मे विज्ञान के जन-जीवन का आवश्यक एवं अनिवार्य अंग होने की स्थिति को देखते हुये तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को सूचना, विज्ञान एवं कंम्प्यूटर तकनीकी पर आधारित होने के कारण उससे सम्बन्धित ज्ञान को जिज्ञाशुओ व प्रशिक्षणार्थियो को अत्याधुनिक टेक्नालाजी के माध्यम से उपलब्ध कराना ।

6- शैक्षणिक क्षेत्र मे विभिन्न कक्षाओ के कमजोर विद्यार्थियो के लिये अन्य विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग,पालीटेक्निक, बैक पी0सी0एस0,आई0ए0एस0 मे प्रवेश की तैयारी के लिये कोचिंग-सेन्टरो की व्यवस्था तथा उनसे होनी वाली आय से संस्था का पोषण करना।

7- युवाओ को आत्म निर्भर बनाने के लिये विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक ट्रेनिग जैसे -सिलाई,कढाई,बुनाई, पेन्टिंग ,स्क्रीनिंग,पेन्टिंग,इलेक्ट्रानिक, वायरमैन,डीजल एवं मोटर मैकेनिक,रेडियो एवं टी0वी0ट्रेनिंग,टाइपिंग,शार्ट

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797402



हैण्ड,कम्प्यूटर फाइन आर्ट, सगीत इसके अतिरिक्त फल संरक्षण कुकिंग / बेकरी एवं मशरूम उद्योग प्रशिक्षण,डाइटिंग प्रशिक्षण,आदि केन्दो की स्थापना / व्यवस्था तथा प्रबन्ध करना। आवश्यकतानुसार उनके लिये प्रशिक्षण कक्ष, पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष, छात्रावास,भोजन, वस्त्र ,दवा, यातायात, खेल का मैदान जैसी सुविधाओ को उपलब्ध कराना ।

8 खाद्य प्रसंस्करण तथा अन्य फल संरक्षण का प्रशिक्षण देना।

9 युवाओ के लिये विभिन्न प्रकार के अन्य उपयोगी प्रशिक्षण जैसे–हैण्डी काफ्ट,सांस्कृतिक कार्यकम ,कुकिंग,कला,निबन्ध, व्याख्यान तथा खेल–कूद आदि का आयोजन ,प्रतियोगिता तथा विजयी प्रतिभागियो को पुरस्कृत करना।

10 विभिन्न सरकारी योजनाओ एवं परियोजनाओ को कियान्वित करना जैसे–गूंगे,बहरे, अंधो,अपंग एवं मानसिक रूप से कमजोर बच्चो, युवाओ तथा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पिछड़े वर्ग / गरीब बच्चो निराश्रित अनाथ बच्चो एवं युवाओ के लिये विद्यालय, छात्रावास एवं भोजन, वस्त्र की निःशुल्क व्यवस्था करना एवं उन्हे आत्म निर्भर बनाना आदि। बिना लाभ–हानि के अन्य छात्रावासो का निर्माण व उनकी समुचित व्यवस्था करना आदि ।

11 बृद्धो के लिये विश्राम केन्द्र अथवा पुनर्वास केन्द्र की स्थापना करना, जिसमें मनोरंजन,पढ़ने–लिखने एवं उन्हे खेलने की पूर्ण सुविधा हो।

12 महिला संरक्षण गृह / विधवा पुनर्वास केन्द्र की स्थापना करना तथा उन्हे सरकारी सहायता दिलाना ।

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797403



13 सामुदायिक विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देना तथा आवश्यकतानुसार परामर्श केन्द्र ,बरात घर, धर्मशाला, सुलभ शौचालय, चिकित्सा घर, पुस्तकालय,खेल मैदान, योग प्रशिक्षण केन्द्र, आगनबाड़ी,बालवाड़ी, ड्रामा स्टेज, प्रशिक्षण हाल एवं अन्य प्रशिक्षण संस्था की स्थापना एवं प्रबन्ध करना।

14 राष्ट्रीय एकता शिविर के द्वारा विशेषकर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील राज्यो के लोगो मे राष्ट्रीय एकता एवं समर्पण की भावना का विकास करना ।

15 घरेलू ग्रामीण उद्योग को बढ़ावा देने तथा युवाओ को आत्म निर्भर बनाने के लिये डेयरी उद्योग,रेशम उद्योग,मधुमक्खी पालन,मुर्गी पालन,बत्तख पालन तथा इनसे सम्बन्धित बीमारियो की जानकारी,रोक–थाम,टीकाकरण के लिये युवाओ को प्रेरित /जागरूक /प्रशिक्षित एवं साधन सम्पन्न कराना ।

16 नशा के सेवन से छुटकारा पाने के लिये नशा मुक्ति निःशुल्क चिकित्सालय की व्यवस्था करना ।

17 समाज मे व्याप्त बुराइयो, बाल विवाह ,दहेज प्रथा, बाल श्रम,महिला शोषण, लिग–भेद, अस्पृश्यता एवं छुआ–छूत की भावना को दूर करना तथा इसके लिये जागरूकता की व्यवस्था करना ।

18 युवाओ को प्रशिक्षित एवं जागरूक करना तथा आवश्यकतानुसार महिला उत्पीड़न मुक्ति केन्द्र की स्थापना करना।

19 सामूहिक विवाह तथा सामूहिक भोज को बढ़ावा देना ।

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु.50 भारत FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797404



20 विभिन्न प्रकार के खेलो को बढ़ावा देना तथा प्रत्येक स्तर पर उनका प्रशिक्षण तथा प्रतियोगिता कराना ।

21 एड्स,कैन्सर,हेपटाइटिस, जैसे रोगो की जानकारी/रोकथाम/नियन्त्रण/जागरूकता/उपचार की व्यवस्था एवं सुविधा उपलब्ध कराना तथा जन सामान्य के लाभ हेतु डेण्टल कालेज,होमियोपैथिक ,आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक मेडिकल कालेज व अन्य चिकित्सीय/पैरा मेडिकल महाविद्यालयो डीम्ड यूनिवर्सिटी तथा प्रशिक्षण केन्द्रो की स्थापना करना ।

22 सरकार की सहायता से गॉवो एवं शहरों के विकास हेतु पेयजल,शौचालय नाली,सड़क निर्माण, पार्क , शिविर एवं भवन निर्माण की व्यवस्था करना।

23 कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिये नये–नये वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग ,करना ,तथा नये–नये शोधित बीजो को उगाने तथा उनसे सम्बन्धित बीमारियों की जानकारी देने अथवा दवा तथा सुरक्षा के लिये आम लोगो तथा किसानो का शिविर लगाकर उन्हे प्रेरित /जागरूक एवं प्रशिक्षित करना ।

24 प्राकृतिक आपदा जैसे–हैजा,प्लेग,भुखमरी, बाढ़,आग,सूखा, अकाल,चकवात भूकम्प,दुर्घटना की दशा में प्रभावित लोगो की सहायता करना ।

25 उन समस्त योजनाओ को क्रियान्वित करना, जो समाज कल्याण हेतु राज्य सरकार अथवा भारत सरकार द्वारा अनुदानित है तथा जिनको विभिन्न विभागो व एन0जी0ओ0 के माध्यम से चलाया जा रहा है।

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES RS.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797405



26 पंचायती राज एवं उपभोक्ता संरक्षण के बारे मे जानकारी तथा अन्य सामान्य ज्ञान व कानूनी जागरूकता के लिये काउन्सिलिंग केन्द्रो की स्थापना करना ।

27 गरीब लोगो विशेषकर महिलाओ के कानूनी, सामाजिक,आर्थिक व चिकित्सीय सुविधा अथवा सहायता के लिये उपाय करना ।

28 किसी अन्य सरकारी अथवा एन0जी0ओ0एसोसिएशन ट्रस्ट के किया–कलापो मे सहयोग देना जिनके उद्देश्य इस न्यास से मिलते हो।

29 सरकारी तथा गैर सरकारी/लोगो/संस्थाओ/तंत्रो/कम्पनी/दुकानो से आर्थिक सहायता लेकर ट्रस्ट के उद्देश्य की पूर्ति करना ।

30 ट्रस्ट के उद्देश्य की प्राप्ति के लिये इसके शाखा या इसके किया–कलापो को आवश्यकतानुसार जिला/प्रदेशो मे स्थापित करना या फैलाना।

31 सरकारी अर्द्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी बैको से संस्था के उद्देश्यो की पूर्ति के लिये ऋण या सहायता प्राप्त करना ।

32 यह कि ट्रस्ट द्वारा केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड व सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्ड्री एजूकेशन नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त कर विद्यालय के संचालन के सम्बन्ध में शासन के निम्नाकिंत प्रतिबन्ध स्वीकार होगे–

क–विद्यालय की प्रबन्ध समिति मे शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।

ख विद्यालय मे कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के मेधावी छात्रो के लिए सुरक्षित रहेगे और उनसे उत्तर

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये ₹150

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797406



प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयो मे विभिन्न कक्षाओ के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नही लिया जायेगा ।

ग संस्था द्वारा राज्य सरकार से कोई अनुदान की मांग नही की जायेगी और यदि पूर्व मे विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय काउन्सिल फार दी इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उक्त परीक्षा परिषद से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता/राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगी ।

घ संस्था के शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियो को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओ के कर्मचारियो को अनुमन्य वेतनमान तथा अन्य भत्तो से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नही दिये जायेगे।

ड0 कर्मचारियो की सेवा शर्ते बनाई जायेगी और उन्हे सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो को अनुमन्य सेवानिवृत्ति लाभ उपलब्ध कराये जायेगे ।

च राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेगे संस्था उनका पालन करेगी ।

छ विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओ मे रखा जायेगा ।

झ उक्त शर्तो मे शासन के पूर्वानुमति के बिना कोई परिवर्तन /परिवर्धन / संशोधन नही किया जायेगा ।

नोट—हम मुकिर द्वारा 8-11-2012को वही सं0 4 जिल्द सं0163 पृष्ट सं0 287 से 316 पर कमांक 220 को निष्पादित न्यास पत्र मे उल्लिखित

Principal
Mount A.D. Public School
Dendo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dendo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रूपये रू.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797407



आधारो व शर्तो जिसका वर्णन ऊपर के प्रस्तर 1 ता 31 मे उल्लिखित किया गया है। को पूर्ववत प्रभावी मानते हुये उसके साथ इस विलेख द्वारा पूर्व विलेख दिनांक 8–11–2012 के बिन्दु संख्या 31 के बाद बिन्दु सं0 32 अंकित/दर्ज किया गया तदनुसार न्याय विलेख मान्य व प्रभावी होगा व पढ़ा जायेगा ।

**5 ट्रस्ट मण्डल के अधिकार एवं कर्तव्य**

1 समान उद्देश्य की अन्य संस्थाओ व ट्रस्टो से सहयोग एवं सम्पर्क स्थापित करना तथा राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार से सहायता प्राप्त करना ।

2 ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु तथा इसके विभिन्न ईकाइयो को सुचारू व्यवस्था के लिये अन्य संस्थाओ की स्थापना करना तथा इसके लिये समितियो एवं उप समितियो का गठन करना ।

3 ट्रस्ट के अधीन संस्थाओ व समितियो के सुचारू रूप से संचालन के लिये अधिनियम के अनुसार उनकी अलग नियमावली तथा उप नियमो को बनाना।

4 ट्रस्ट के अधीन स्थापित संस्थाओ व समितियो की सदस्यता के लिये विभिन्न प्रावधानो को लिखित रूप मे तैयार करना तथा इसके लिए धन,सदस्यता शुल्क,दान,चन्दा इत्यादि प्राप्त करना तथा उनकी प्रबन्ध इकाईया गठित करना।

5 ट्रस्ट के अधीन चलने वाली संस्थाओ की व्यवस्था के लिये शुल्क प्राप्त करना तथा मेधावी छात्र/छात्राओ को उच्च शिक्षा हेतु आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना।

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES RS.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797408



6 ट्रस्ट की सम्पत्ति की देख-भाल करना तथा ट्रस्ट की सम्पत्ति को बढ़ाने के लिए सतत प्रयास करना और आवश्यकता पड़ने पर ट्रस्ट की सम्पत्ति को नियमानुसार हस्तान्तरित करना व अन्य प्रकार से उसकी व्यवस्था करना ।

7 ट्रस्ट के अधीन स्थापित संस्थाओ व गठित समितियो मे अनियमितता की स्थिति उत्पन्न होने तथा किन्ही आकस्मिक परिस्थितियो मे उसके संचालन के बाबत गठित समिति को भंग कर उसकी सम्पूर्ण व्यवस्था ट्रस्ट मे निहित करना।

8 ट्रस्ट के अधीन स्थापित एवं संचालित संस्थाओ ,विद्यालयो, शिक्षण केन्द्रो , चिकित्सालयो, शोध केन्द्रो, गौ-शालाओ व अन्य समस्त समितियो के लिए आवश्यक कर्मचारियो की नियुक्ति करना और इस प्रकार नियुक्त कर्मचारियो के लिये आचरण नियमावली तैयार करना उनके हित मे अन्य कार्यो को करना।

9 ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति के लिये तथा ट्रस्ट द्वारा संचालित सस्थाओ के हित में व्यक्तियो,संस्थाओ,सरकारी, अर्द्ध सरकारी,गैर सरकारी,विभागो से दान, उपहार, अनुदान,ऋण व अन्य श्रोतो से धन व सम्पत्तियो को प्राप्त करना तथा विभिन्न माध्यमों से ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति के लिये खर्च करना है।

10 ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति के लिये ट्रस्ट मण्डल द्वारा संकल्पित कार्यो को करना।

11 ट्रस्ट से सम्बन्धित आवश्यक विवरण प्रस्तुत कर ट्रस्ट का पंजीकरण, आयकर अधिनियम के अन्तर्गत कराना तथा उक्त अधिनियम की धारा-80

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797409



जी0जी0के अन्तर्गत छूट प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव प्रेषित करना ।

12 ट्रस्ट द्वारा स्थापित की जाने वाली शैक्षिक/तकनीकी/गैर तकनीकी विद्यालयो एवं डीम्ड यूनिवर्सिटी व इन्स्टीच्यूट की मान्यता व सम्बद्धता के सम्बन्ध में सम्बन्धित प्राधिकारी/परिनियमावली द्वारा निर्धारित आवश्यक कार्य करना ।

6 ट्रस्ट की प्रबन्ध व्यवस्था

(क) ट्रस्ट का गठन एवं संचालन

ट्रस्ट का गठन एवं संचालन निम्नलिखित रूप से किया जायेगा :–

1 ट्रस्ट के स्थापना के समय मुख्य ट्रस्टी एवं प्रबन्धक हम मुकिर होगे। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी को अपने जीवनकाल मे ट्रस्ट मण्डल के ट्रस्टीगण मे से अगले मुख्य ट्रस्टी को नामित करने का अधिकार होगा। मुख्य ट्रस्टी का यह अधिकार उनके द्वारा वसीयत के माध्यम से अगले मुख्य ट्रस्टी को नामित करने के अधिकार को प्रतिबन्धित नही करेगा। किन्ही परिस्थितियो मे उत्तराधिकारी की नियुक्ति किये जाने के पूर्व मुख्य ट्रस्टी की मृत्यु हो जाय तो ट्रस्ट के शेष ट्रस्टियो को मुख्य ट्रस्टी के विधिक उत्तराधिकारियो मे से बहुमत के आधार पर ट्रस्ट का मुख्य ट्रस्टी चयनित करने का अधिकार होगा।

2 मुख्य ट्रस्टी की अनुपस्थिति बीमारी या कार्य करने की अक्षमता की अवस्था

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रूपये रु.50

FIFTY RUPEES RS.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797410



में उनके द्वारा निर्धारित ट्रस्टी मुख्य ट्रस्टी के रूप मे कार्य करने के लिये अधिकृत होगा। किसी ट्रस्टी को अपने व्यक्तिगत कारणो से स्वेच्छा से त्यागपत्र देकर ट्रस्ट से अलग होने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होगा।

3 ट्रस्ट मण्डल के सदस्यो मे से ट्रस्टीगण को ट्रस्ट की सुचारू प्रबन्ध व्यवस्था के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की जा सकेगी और इस प्रकार नियुक्त किये गये ट्रस्टियो का कार्याधिकार निश्चित किया जा सकेगा। ट्रस्ट के उक्त पदाधिकारियो का निर्वाचन ट्रस्ट मण्डल द्वारा अपने मे से बहुमत के आधार पर प्रत्येक 5 वर्ष के अन्तराल पर किया जायेगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियो के निर्वाचन मे मूलतः आम सहमति के आधार पर कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी । यदि किन्ही परिस्थितियो मे ऐसा किया जाना सम्भव नही हो सका तो पदाधिकारियो का निर्वाचन मुख्य ट्रस्टी की देख–रेख मे कराया जा सकेगा और इस प्रकार से निर्वाचन सम्पन्न किये जाने पर मुख्य ट्रस्टी का निर्णय सभी ट्रस्टियो के लिये मान्य एवं अन्तिम होगा।

4 ट्रस्ट मण्डल के किसी भी ट्रस्टी के त्याग–पत्र देने अथवा मृत्यु होने पर उनका स्थान रिक्त हो जायेगा और ऐसी स्थिति मे हुई रिक्त की पूर्ति मुख्य ट्रस्टी द्वारा ट्रस्ट के हितैषी किसी अन्य व्यक्ति को नामित करके कर ली जायेगी ।

5 ट्रस्ट मण्डल के किसी सदस्य को उनके द्वारा ट्रस्टके उद्देश्यो के बिपरीत कार्य करने अथवा ट्रस्ट के हितो के बिपरीत आचरण करने की दशा मे ट्रस्ट मण्डल द्वारा उन्हे सामान्य बहुमत से ट्रस्ट से पृथक कर दिया

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797411



जायेगा और उनके स्थान पर पूर्व मे दिये गये प्रावधानो के अनुसार सुयोग्य एवं हितैषी व्यक्ति को ट्रस्ट मण्डल के ट्रस्टी के रूप मे संयोजित कर लिया जायेगा ।

6 ट्रस्ट द्वारा संचालित शैक्षिक संस्था व इन्स्टीच्यूट के प्राचार्य एवं शिक्षण तथा शिक्षणोत्तर कर्मचारी के प्रतिनिधि,सम्बन्धित शैक्षिक संस्थां व इन्स्टीच्यूट की नियामक संस्था अथवा विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार उसके प्रबन्ध व्यवस्था के लिये नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृत या अनुमोदित कराये गये प्रशासन योजना के अनुसार सम्बन्धित शैक्षिक संस्था व इन्स्टीच्यूट के प्रबन्ध समिति के पदेन सदस्य होगे तथा उन्हे नियमानुसार प्राप्त अधिकारो का प्रयोग करने का अधिकार प्राप्त होगा।

7 ट्रस्ट मण्डल का कोई भी ट्रस्टी किसी से यदि कोई व्यक्तिगत लेन–देन करता है तो सम्बन्धित ट्रस्टी इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।

8 ट्रस्ट के कार्यो के लिए मुख्य ट्रस्टी अथवा न्यास मण्डल द्वारा भेजे गये

किसी प्रतिनिधि के द्वारा किये गये खर्चे व उसके सम्बन्ध मे प्रस्तुत व्यय राशि से सम्बन्धित बिलो को स्वीकार करने का पूर्ण अधिकार मुख्य न्यासी के पास सुरक्षित होगा ।

**(ख) ट्रस्ट की बैठक एवं वार्षिक अधिवेशन**

ट्रस्ट मण्डल की वर्ष मे एक बार वार्षिक बैठक अवश्य होगी।उक्त वार्षिक बैठक मे ट्रस्ट के अधीन संचालित सभी सस्थाओ /समितियो के प्रबन्धक /सचिव व प्राचार्य तथा अन्य पदाधिकारीगण भी भाग लेगे। वार्षिक बैठक

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797412



की सूचना उक्त सभी व्यक्तियो को 15 दिन पूर्व मुख्य ट्रस्टी द्वारा दी जायेगी और उपरोक्त सभी व्यक्तियो का वार्षिक बैठक मे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। कोई भी व्यक्ति मुख्य ट्रस्टी की पूर्व अनुमति से ही वार्षिक बैठक से अनुपस्थित हो सकता है

2 वार्षिक बैठक मे ट्रस्ट के सालभर के किया–कलापो पर विचार होगा और आय–व्यय पर विचार कर ट्रस्ट का बजट निर्धारित किया जायेगा। विचारोपरान्त बहुमत से पारित ट्रस्ट मण्डल का फैसला अन्तिम होगा।

7 मुख्य ट्रस्टी /प्रधान प्रबन्धक के अधिकार एवं कर्तव्य

1 इस ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी/प्रबन्धक के रूप मे कार्य करना तथा ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप मे कार्य करना।

2 ट्रस्ट से सम्बन्धित प्रत्येक धनराशियो को प्राप्त करके उसकी रसीददेना

3 ट्रस्टकी कार्यवाही लिखना व अन्य अभिलेखो को तैयार करना/कराना

4 ट्रस्ट की बैठको को आमंत्रित करना तथा उसकी सूचना ट्रस्ट के मण्डल के सदस्यो को देना ।

5 ट्रस्ट की चल व अचल सम्पत्ति की सुरक्षा करना तथा ट्रस्ट के आय–व्यय का हिसाब –किताव तथा रिपोर्ट ट्रस्ट मण्डल के समक्ष रखना।

6 ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट की समस्त चल–अचल सम्पत्ति के हस्तान्तरण व प्राप्ति से सम्बन्धित विलेखो को हस्ताक्षरित करना ।

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797413



7 ट्रस्ट द्वारा तथा ट्रस्ट के विरूद्व की जाने वाली विधिक कार्यवाहियो में ट्रस्ट की ओर से पैरवी करना तथा अधिवक्ता व मुख्तार नियुक्त करना।

8 इस ट्रस्ट विलेख द्वारा प्राप्त अन्य अधिकारो का प्रयोग करना तथा ट्रस्ट की मुख्य प्रबन्धक के रूप मे शेष ट्रस्टियो के सहयोग से ट्रस्ट के हित में अन्य समस्त कार्यो को करना ।

9 ट्रस्ट के वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करना ।

10 ट्रस्ट के आय–व्यय का रिपोर्ट तैयार करना तथा ट्रस्ट मण्डल द्वारा अधिकृत लेखा परीक्षक से ट्रस्ट के आय–व्यय का लेखा परीक्षण कराना।

11 ट्रस्ट के वित्त सम्बन्धी लेखो का सुचारू रूप से रख रखाव करना।

8 ट्रस्ट के कोष की व्यवस्था:–

ट्रस्ट के कोष के सुचारू रख–रखाव एवं उसकी व्यवस्था हेतु किसी डाकघर या राष्ट्रीयकृत/मान्यता प्राप्त अधिसूचित बैंक मे ट्रस्ट के नाम खाता खोला जायेगा, जिसमे ट्रस्ट को प्राप्त होने वाली समस्त प्रकार की धनराशिया एवं ऋण राशियॉं निहित होगी ट्रस्ट के नाम खाता खोलने तथा खोले गये खाते के संचालन के लिए मुख्यट्रस्टी अकेले अथवा मुख्य ट्रस्टी द्वारा अधिकृत कोई अन्य ट्रस्टी संयुक्तरूप से अधिकृत होगें।

9 ट्रस्ट के अभिलेख

ट्रस्टके अभिलेखो को तैयार करने/कराने व रख–रखाव का दायित्व मुख्य ट्रस्टी का होगा ।

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक
भारत
पचास रुपये रु.50
FIFTY RUPEES Rs.50
सत्यमेव जयते
INDIA
INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BP 797414



10 ट्रस्ट के सम्पत्ति की व्यवस्था—

ट्रस्ट के सम्पत्ति की व्यवस्था निम्नलिखित रूप में की जायेगी

1 यह कि ट्रस्ट मण्डल द्वारा ट्रस्ट के उद्देश्यो की प्राप्ति हेतु व्यक्तियो, वित्तीय संस्थाओ व बैको से दान,सहायता या ऋण इत्यादि लिया जा सकेगा और किसी भी उचित व वैधानिक माध्यम से ट्रस्ट की आय बढाया जा सकेगा । इस सम्बन्ध मे ट्रस्ट की ओर से दस्तावेज निष्पादित कराने के लिये मुख्य ट्रस्टी व एक अन्य ट्रस्टी, जिसे कि मुख्य ट्रस्टी उचित समझे अधिकृत होगे।

2 यह कि मुख्य ट्रस्टी ट्रस्ट की तरफ से स्थापित संस्थाओ को संचालित करने के लिये भूमि एवं भवन क्रय सकेगे या किसी चल या अचल सम्पत्तियों के अधिग्रहण के लिये आवश्यक कार्यवाही कर सकेगे। ट्रस्ट मण्डल ट्रस्ट की सम्पत्ति या सम्पत्तियो को किराये पर दे सकेगा या बेच सकेगा।

3 यह कि ट्रस्ट की सम्पत्ति को क्षति पहुँचाने या दुरूपयोग करने वाले को दण्डित करने का अधिकार ट्रस्ट मण्डल को प्राप्त होगा । ट्रस्ट व उसके अधीन संस्थाओ एवं समितियो के अधिकारियो व कर्मचारियो के विरूद्व मुख्य ट्रस्टी द्वारा की गयी कार्यवाही की अपील ट्रस्ट मण्डल द्वारा सुनी जायेगी ।

4 ट्रस्ट द्वारा स्थापित व संचालित किसी भी संस्था व विद्यालय मे प्रबन्धकीय विवाद उत्पन्न होने पर उसके सम्बन्ध मे ट्रस्ट मण्डल का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा परन्तु यदि किसी परिस्थितिवश ऐसा नही हो सका तो विवाद के लम्बित रहने के दौरान सम्बन्धित संस्था या

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 46AD 361046



विद्यालय का प्रबन्धन व उसकी सम्पत्ति की व्यवस्था ट्रस्ट मे निहित रहेगी।

5 ट्रस्ट द्वारा या ट्रस्ट के विरुद्व किसी भी वैधानिक कार्यवाही का संचा–लन ट्रस्ट के नाम से किया जायेगा, जिसकी पैरवी ट्रस्ट की ओर से मुख्य ट्रस्टी द्वारा अथवा उनके द्वारा अधिकृत ट्रस्टी द्वारा की जायेगी।

6 ट्रस्ट के अधीन स्थापित संस्थाओ एवं गठित समितियो के पदाधिकारियो की नियुक्ति तथा उनके सेवा शर्तो एवं सेवा पुस्तिका का विवरण भी ट्रस्ट मण्डल के अधीन होगा इसके अतिरिक्त ट्रस्ट मण्डल अपने सम्पत्ति के प्रबन्ध एवं प्रतिदिन के कार्य हेतु वैतनिक कर्मचारियो की भी नियुक्ति करेगा ।

7 ट्रस्ट मण्डल ट्रस्ट के लिये वह सभी कार्य करेगा जो ट्रस्ट के हितो के लिये आवश्यक हो तथा ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति मे सहायक हो। ट्रस्ट की प्रत्येक प्रकार की सम्पत्ति ट्रस्ट के उद्देश्यो की प्राप्ति एवं पूर्ति के लिये ही प्रयोग की जायेगी तथा भविष्य मे ट्रस्ट द्वारा जो भी सम्पत्ति अर्जित की जायेगी उसके बाबत भी यह शर्ते लागू होगी।

**घोषणा**

**'सन्त शरण शिक्षा सेवा न्यास'** की तरफ से हम **घनश्याम मिश्र** मुख्य न्यासी के रूप में यह घोषित करता हूँ कि उपरोक्त न्यास पत्र लिखवाकर, पढ़ व समझ कर स्वस्थ मन व चित से बिना किसी बाहरी

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

46AD 361047



दवाव के सोच–समझकर इस न्यास पत्र को निबन्धन हेतु प्रस्तुत किया जिससे कि इस न्यास का विधिवत गठन हो सके।

[illegible]

[illegible]

हस्ताक्षर साक्षीगण 1

[illegible]

दिनांक [illegible]

हस्ताक्षर मुख्य न्यासी

[illegible]

प्रारूपकर्ता

Brijesh Kumar [illegible]
Advocate
Collectrate Court
GKP.

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 235 के पृष्ठ 53 से 96 तक क्रमांक 143 पर
दिनांक 29/05/2018 को रजिस्ट्रीकृत किया गया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

बी०पी० त्रिपाठी प्र०
उप निबंधक : सदर द्वितीय
गोरखपुर

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur


आयकर विभाग
INCOME TAX DEPARTMENT
भारत सरकार
GOVT. OF INDIA
AATTS9598L
SANT SHARAN SHIKSHA SEVA NYAS
09/11/2012

Principal
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur

Manager
Mount A.D. Public School
Dondo Khajani, Gorakhpur